

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025


एक नजर में

## नारायण धाम में 216 घंटे अखंड श्रीयंत्र महालक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ





**धार.** नारायण धाम, दशहरा मैदान स्थित श्री लक्ष्मीनारायण नि:शुल्क हॉस्पिटल पर गोल्डन बुक ऑ? वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज 216 घंटे अनवरत चलने वाले विश्व के सबसे लम्बे अखंड श्रीयन्त्र महालक्ष्मी महायज्ञ का शुभारम्भ किया गया7 प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ज्योतिषाचार्य स्व. श्री राजू जी महाराज के आशीर्वाद से विश्व में सद्भाव, शांति एवं समृद्धि के उद्देश्य से विगत 24 वर्षों से नारायण परिवार निष्काम भाव से इस यज्ञ का आयोजन करता आ रहा है7 श्रद्धालु *you tube live* के माध्यम से सायं 7 बजे इस यज्ञ के दर्शन कर सकते हैं। जानकारी प्रथम राठौर ने दी7

## सेवा पखवाड़े अंतर्गत स्वास्थ शिविर का आयोजन



**लाबरिया-** देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के आव्हान पर आज दिनांक 22/09/2025 को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र लाबरिया में शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर का उद्धाटन किया जिसमे ष्द्धश ज्योत्सना चारण,ठ्द्ध सरोज शर्मा , आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर पूजा शर्मा,ष्ट्रस्ड्ढ विद्या चौहान,एवम समस्त आशाओं और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के द्वारा 104 ओपीडी देखी गई ।जिसमे महिलाओं और पुरुषों और बच्चो की जांच की गई ।जिसमे मधुमेह रक्तचाप, टीबी, एनीमिया, सिकल सेल,एवम किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म संबंधित परामर्श दिया गया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी,नारायण दैया,मयंक जायसवाल,दीपक लोहार,सुखदेव मिस्त्री, सहित भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।

## नवरात्र में देवीतत्व सामान्य से 1000 गुना कार्यरत

इंदौर . महिषासुर के संहार के लिए अवतरित हुई श्री दुर्गादेवी का उत्सव ही नवरात्र है . नवरात्र देवी का व्रत है . अनेक स्थानों पर यह व्रत कुलाचार के रूप में भी मनाया जाता है . कई राज्यों में इसे उत्सव का रूप भी दिया गया है . इस उत्सव में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक 9 दिनों का व्रत रखकर देवी की भावपूर्ण आराधना की जाती है . इस वर्ष नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 22 सितम्बर से प्रारम्भ हो रही है . सनातन संस्था, मध्यप्रदेश की संध्या आगरकर ने बताया कि इस उत्सव से देवीतत्व का लाभ मिलता है; किन्तु आजकल नवरात्रोत्सव के विकृत स्वरुप के कारण न केवल देवीतत्व का लाभ मिलना कम हुआ है बल्कि उसकी पवित्रता भी घट गयी है . इस उत्सव में हो रहे अनुचित आचरणों को रोककर उसका पावित्र्य बनाए रखना, यही समयानुसार धर्मपालन है . जब-जब संसार में तामसी, आसुरी और क्रूर लोग प्रबल होकर सात्त्विक एवं धर्मनिष्ठ सज्जनों को पीड़ा देते हैं, तब-तब देवी धर्म की स्थापना हेतु पुन: अवतार लेती हैं . यह व्रत उसी देवी का है . नवरात्र में देवीतत्त्व सामान्य से 1000 गुना अधिक कार्यरत होता है . अधिकाधिक लाभ हेतु इस काल में 'श्री दुर्गादेव्यै नम:' नामजप करना चाहिए .

## सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण किया

इंदौर . श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर द्वारा द्वारा सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया . पंडित मयंक जोशी के आचार्यत्व तथा पंडित सौरभ जोशी के सानिध्य में उपस्थित समाज जनों ने देव , ऋषि एवं पितृ तर्पण किया . पंडित मयंक जोशी ने कहा कि श्रद्धा भक्ति एवं विश्वास के साथ यह तर्पण करने से हमारे पितृ प्रसन्न होते हैं तथा आशीर्वाद देते हैं . इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी तथा मनीष पाठक ,योगेश द्विवेदी, आत्मिक शर्मा, दिलीप दुबे, शैलेंद्र शर्मा, गोपेश उपाध्याय, विकास शर्मा, केशव दुबे, ऋतिक पाठक, सौरभ शर्मा, राजेंद्र कुमार दुबे ,राधेश्याम दुबे, सुर्यकुमार चौधरी, किशोर पाठक, धीरज दुबे आदि उपस्थित थे . आभार माना महासभा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने . तर्पण पश्चात महासभा इंदौर के दिवंगत अध्यक्षों की महासभा कार्यालय में लगी तस्वीरों पर अध्यक्ष एवं उपस्थित जनों में माल्यार्पण किया .

## गीता भवन में स्वामी यज्ञधरानंद के भक्तियोग प्रवचन

इंदौर . रामकृष्ण मिशन जम्मू के सचिव स्वामी यज्ञधरानंद द्वारा भगवत गीता के बारहवे अध्याय पर आधारित भक्तियोग प्रवचन की शब्द गंगा का आयोजन गीता भवन के संस्थापक स्वामी बालमुकुंद की स्मृति में हुआ . उन्होंने बारहवे अध्याय के बीस श्लोकों की व्याख्या सरलतम शब्दो में की ताकि सभाकक्ष मे उपस्थित सभी गीतानुरागी ग्राहय कर सके . उनके प्रवचन की मुख्य बात थी की आज के दौर की द्रुतगति की दिनचर्या मे अगर समय प्रबंधन कठिन प्रतीत होता है तो जो भी कार्य करे उसे ही मुझे अर्पित कर दे ये भी मुझ तक पहुँचने का श्रेष्ठ मार्ग है . इंदौर को अपनी जन्मस्थली बताते हुए सबसे स्वच्छ शहर मे आना हर्ष और भावनात्मक जुड़ाव का विषय बताया . इस अवसर पर संजीव कोहली, मनीष जोशी, संदीप रावल , निर्लेश तिवारी आदि उपस्थित थे .

## भाजपा जिला इंदौर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर

इंदौर . प्रधानमंत्री नरेंद्र जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा जिला इंदौर द्वारा राऊ विधानसभा के मां बिजासन मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, जिला संयोजक रामस्वरूप गहलोत और चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ बालाराम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष श्री रवि चौधरी की उपस्थिति में कलारिया में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ . चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ बालाराम गुप्ता ने बताया कि आयोजन को दो भागों में किया गया एक तरफ स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें समान्य स्वास्थ्य से जुड़ी जांचे ब्लड शुगर, बीपी, थायरायड, हीमोग्लोबिन, सर्दी-बुखार आदि जांचे कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई . वहीं दूसरी ओर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया .






# बेटियों की सुरक्षा हेतु नवाचार अभियान मैं ही सीता मैं ही दुर्गा

**धार .** लव जिहाद और साइबर अपराधों से बेटियों की सुरक्षा हेतु राजवाड़ा चौक सेवा समिति के माध्यम से एक अनूठा अभियान चलाया जा रहा है जिसे नाम दिया गया है 卐मैं ही सीता मैं ही दुर्गा卐 इस अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा विगत तीन माह में अनेक मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए हैं जिनके माध्यम से गांव-गांव स्कूलों में शैक्षणिक संस्थानों में एवं मोहल्ले में बेटियों व महिलाओं के लिए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन दिया जा रहा है। संस्था प्रमुख नवनीत जैन जैन द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं के कारण वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम लागू किया गया है जिसके अंतर्गत किसी भी बालिक या नाबालिग महिला को विवाह या प्रेम आदि का झांसा देकर धर्म परिवर्तित करने या धर्म छुपा कर दोस्ती करने अथवा अनैतिक संबंध बनाने संबंधी विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। जिसकी जानकारी न होने के कारण अनेक बेटियां इस प्रकार की झूठे प्रेम जाल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर देती है साथ ही मोबाइल से जुड़े विभिन्न साइबर अपराध के माध्यम से भी लड़कियों व स्त्रियों का किस प्रकार से शोषण किया जाता है उसे लेकर भी जागरूकता की आवश्यकता है इन्ही सब विषयों को लेकर राजवाड़ा चौक सेवा समिति द्वारा एक नवाचार अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अब तक 40 से अधिक छोटे-बड़े आयोजन किए



गए हैं जिसमें हजारों छात्राओं व उनके पालकों ने भाग लिया है इसी क्रम में विगत दिवस देवी जी मंदिर धर्मशाला में मास्टर ट्रेनर्स की बैठक भी आयोजित की गई साथ ही आयोजन की श्रृंखला में ग्राम गुणावद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संस्था अध्यक्ष नवनीत जैन के द्वारा विस्तार से छात्राओं को उदाहरण सहित बताया गया की किस प्रकार मोबाइल पर चैटिंग और फ्रेंड बनकर नाम और पहचान बदलकर दोस्ती की जाती है और फिर दोस्ती की आड़ में झूठे प्रेम का झांसा देकर किस प्रकार से महिलाओं का शोषण किया जाता है मध्य प्रदेश में इंदौर धार सहित कई प्रमुख शहरों में ऐसी घटनाएं सामने आ रही है जिसमें नाम और पहचान बदलकर दोस्ती और प्रेम का झांसा देकर शोषण किया जाता है जिसका उपाय केवल यही है कि प्रत्येक बेटी अपनी लक्ष्मण रेखा स्वयं तय करें और उसे लांघने का प्रयास न करें साथ ही समाज में ऐसे असामाजिक तत्वों के जानकारी में आने पर दुर्गा की तरह हिम्मत और साहस दिखाकर ऐसे लोगों के विरुद्ध आवाज़ उठाएं ग्राम गुणावद के कार्यक्रम में मंच पर अभियान के संयोजक लक्ष्मी ठाकुर सहित विद्यालय के प्राचार्य सहित श्रीमती सीमा सोलंकी, संगीता चौधरी, नईमुद्दीन शेख, अलका वसुनिया अर्चना दुबे, सुनील कुमावत, अभय कुमार वर्मा, रमेश निक्कम, चंदन सिंह ठाकुर, शैला त्रिवेदी, अंतर सिंह धावे, कंकू मोगे, देव कुंवर वर्मा उपस्थित थे आयोजन का संचालन लक्ष्मी रघुवंशी ने किया आभार विधालय के श्री श्रीमती आरती भालसे ने माना यह जानकारी समिति के दीपक गहलोत ने दी.

# रक्तदान एवं नि :शुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर का आयोजन कर भाजपा ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**कुक्षी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को देशभर मे भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप मे मना रही है इसी कड़ी में स्थानीय भाजपा मंडल नें मां माटी मानव सेवा संस्थान तथा टीम रक्तदूत पश्चिम निमाड़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर का आयोजन देवराज देवराज गार्डन आयोजित किया।**






शिविर को संबोधित करते हुए बीएपीएस कापसी के संत श्री दिव्यस्वरूप स्वामीजी ने कहा की 卐नर सेवा ही नारायण सेवा है, यही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है ।आज मां माटी मानव सेवा संस्थान तथा टीम रक्तदूत पश्चिम निमाड़ मध्य प्रदेश मानवता का सबसे बड़ा महायज्ञ कर रहे जो अनुकरणीय है। धार जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ मां भारती और कृष्ण-सुदामा के चित्र पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मंचासिन अथिति भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने स्वागत संबोधन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस सेवा पखवाड़े का संकल्प जनसहयोग के संकल्प से सफलता की सिद्धि तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य है। इस शिविर में निशक्तजन बैसाखी या सहारे के साथ आएंगे किंतु उसके स्वयंम के पैरों से चलकर यहां से जायेंगे ऐसा हमारा संकल्प है । डॉ. प्रमेय रेवड़िया ने भूमिका रखते हुए बताया कि विगत 10 वर्षो जनसेवा के कार्य करते हुए जनजागरण द्वारा अनेक सेवा कार्य किए गए 2022 में रक्तदान महाकुंभ में 2931 यूनिट के जनसहयोग से वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और बिरसा मुंडा जयंती पर 3050 सिकल-सेल जांच का वर्ल्ड रिकॉर्ड विश्व कीर्तिमान इसी जागरण का परिणाम है।

मुख्य अतिथि कुक्षी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विशाल धाकड़ ने मानवता के इस सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए रक्तदान व जनजागरण पर बल दिया। संस्थान अध्यक्ष विक्रम चोयल ने बताया कि नाप-संकेत और स्क्रीनिंग पूरी की गई और 4 अक्टूबर 2025 को चिन्हित रोगियों के नि:शुल्क उपचार हेतु विशाल नि:शुल्क दिव्यांग निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

मंच पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश धड़ीवाल, वरिष्ठ समाजसेवी मोहन चौपड़िया, तहसीलदार प्रवीण पाटीदार, संस्थान अध्यक्ष विक्रम चोयल (अमलाल), जिला अलीराजपुर के दंत चिकित्सक डॉ. प्रमेय रेवड़िया, कुक्षी नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती रेलम चौहान, रविंद्र जैन ,बीएमओ डॉ. नितिन पाटीदार, आईसीडीएस धार जिला अधिकारी सुभाष जैन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा, निसरपुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश भायल,सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

शिविर के प्रमुख आँकड़े एवं उपलब्धियाँक्लबफुट जाँच शिविर =* आरोग्य भारती की प्रेरणा से यूनिक हॉस्पिटल इंदौर द्वारा कुल 105 बच्चों की जाँच की गई; 80 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

जयपुर फुट शिविर=* 80 मरीज आए; 64 मरीजों को कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु चयनित किया गया।

कुपोषण स्क्रीनिंग=* लगभग 500 बच्चों की स्क्रीनिंग कर जरूरतमंद को दवाई वितरण की गई। रक्तदान शिविर=* सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 58 यूनिट रक्त का संग्रहण, आलीराजपुर ब्लड बैंक द्वारा किया गया। उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं सहयोग- नि:शुल्क दिव्यांगता जांच शिविर में जयपुर फुट का स्क्रीनिंग दल,आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ. अभिषेक रावत, डॉ. चेतन सोलंकी, डॉ. अश्विन पाटीदार, डॉ. संदीप गुप्ता, डॉ प्रवीण पाटीदार ने स्क्रीनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग बाग, निसरपुर एवं कुक्षी की टीमों का सराहनीय सहयोग रहा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपर वाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने कुपोषित बच्चों के परीक्षण में उत्कृष्ट समर्थन देते शानदार सहयोग प्रदान किया। अलीराजपुर बल्ड बैंक ने रक्त संग्रहण कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस जांच शिविर में*... धार,अलीराजपुर,बडवानी,झाबुआ जिलों के दिव्यागजन सैकड़ों की संख्या में शामिल होकर अपना परीक्षण कराया। मनीष भायल, कमल बर्फा,डॉ. सुनील सेप्टा, इंजी. विनोद चौहान,महेंद्र हम्मड,पंकज परमार, दीपक हम्मड सोहन बृजवासी,अनिल पाण्डे आचार्यजी एवं कुक्षी सहित आस-पास के अनेक समाजसेवियों का सक्रिय व उल्लेखनीय योगदान रहा ।कार्यक्रम का संचालन मोहन बर्फा ने किया ।आभार सचिन पाटीदार ने किया।

एक नजर

**टांडा के तत्व चिंतन चातुर्मास ने तप जप के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की - सुधीर लोढ़ा (राष्ट्रीय महामंत्री, अ.भा. नवयुवक परिषद)**

# संयम वंदन यात्रा के राष्ट्रीय पदाधिकारी टांडा पहुंचे, टांडा संघ ने किया बहुमान

**टांडा नि प्र -** पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के पट्टधर, सुविशाल गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज साहब, आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीजी महाराज सा. की आज्ञानुवर्ती तथा पूज्य साध्वीजी स्नेहलता श्रीजी म.सा. की शिष्या मधुर प्रवचन कार साध्वीजी तत्वलता श्रीजी म. सा. आदि ठाणा 4 का चातुर्मास टांडा में हर्ष उल्लास से चल रहा हे। पर्व पर्युषण के पश्चात से प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के विभिन्न संघों से पूज्य साध्वीजी भगवंत के दर्शन वंदन हेतु दर्शनार्थी प्रतिदिन टांडा आ रहे हे। अब तक इंदौर, धार, रतलाम, नागदा, खाचरोद, जावरा, भाट पचलाना, राजगढ़, बाग,आलीराजपुर,झाबुआ,

करवड़, पारा, बोरी, बाजना, मेघनगर मुंबई,पुणे आदि सहित कई नगरों से संघ तथा संघों के प्रतिनिधियों का टांडा आगमन हुआ है तथा विराजित पूज्य साध्वीजी से सुख साता पूछ क्षमा याचना की हे। पूज्य साध्वीजी सभी को प्रवचन के माध्यम से परमात्मा की वाणी श्रवण करवाते हुए धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे है ।

शनिवार को संयम वंदन यात्रा के अंतर्गत अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश जी छाजेड़, महामंत्री सुधीर जी लोढ़ा, प्रवक्ता नरेंद्र जी सुराणा, सदस्य धरमचंद जी नांदेचा, मंत्री राजेशजी वागरेचा, कमलेशजी काकड़ीवाला, रमेशजी श्रीश्रीमाल , शशांक लूणावत आदि उपस्थित हुए। जिनका टांडा श्री संघ चातुर्मास समिति तथा परिषद परिवार द्वारा तिलक माला तथा प्रतीक चिन्ह देकर बहुमान किया गया। पूज्य




साध्वीजी भगवंत तत्वलता श्रीजी ने कहा की एक संत जब दीक्षा लेता है तो वह घर परिवार तथा संसार की सारी विलासिता की वस्तुओं का त्याग कर देता है। जन्म देने वाले माता पिता की जगह पूरा श्रीसंघ माता पिता तुल्य हो जाता हे। पहले श्रावक धार्मिक ज्ञान तथा नियम के कठोर पालक होते थे, आज कही न कही धर्म एवं संस्कारों की आवश्यकता महसूस होती हे। चातुर्मास के दौरान बहुत कुछ सीखने और सिखाने का अवसर मिलता हे। परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी पुण्य सम्राट के सपनो को साकार करने तथा वर्तमान सुविशाल गच्छाधिपति तथा आचार्य भगवंत की प्रेरणा तथा आशीर्वाद लेकर संयम वंदन यात्रा कर जहा जहा साधु साध्वीजी भगवंत चातुर्मास कर रहे उनसे मिल कर वंदन क्षमा याचना कर रहे है। साथ ही चातुर्मास में उस शहर अथवा नगर के श्रावक श्राविकाओं में धर्म तप जप की कितनी जागृति आ रही है तथा बच्चो में धार्मिक संस्कार कितने आ रहे, उनका भी आकलन कर रहे है। ताकी परिषद के माध्यम से जहा सुधार की आवश्यकता हो वहा प्रयत्न कर सके। परिषद का यह कार्य अभिनंदनीय हे ।परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाशजी छाजेड़ ने यहां विराजित साध्वी जी ठाणा 4 से विगत वर्ष में हुई ज्ञात अज्ञात भूलो के लिए क्षमा याचना की तथा तत्व चिंतन चातुर्मास टांडा में तथा परिषद में चल रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। परिषद के महामंत्री सुधीरजी लोढ़ा ने कहा की टांडा नगर के प्रबल पुण्य उदय से यहां तत्व तथा तप प्रेरक साध्वीजी का चातुर्मास मिला हे। आपकी लगातार कुछ सिखाने की प्रवृति समाज में बदलाव की बयार लाएगी। जगह जगह शिविरो के माध्यम से प्रवचन तथा वाचना से आपने धर्म का ज्ञान तथा संस्कार का बीड़ा उठाया व अनुमोदनीय है ।आने वाले समय में साधु संत गावों तथा नगरों में विहार के दौरान कुछ दिनों स्थिरता रख ज्ञान एवं धर्म की जागृति के लिए प्रेरित करे तो समाज के लिए बेहतर होगा। आपने यहां चल रहे तत्व चिंतन चातुर्मास मे सिद्धितप महा महोत्सव तथा समापन समारोह को सराहा तथा कहा की टांडा का चातुर्मास सिर्फ प्रदेश स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी ख्याति प्राप्त कर चुका हे ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाज के कोषाध्यक्ष पारस हरण ने चातुर्मास में हुए कार्यक्रम तथा चल रही तप आराधना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टांडा श्रीसंघ अध्यक्ष पारस जैन ,पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद्र लोढ़ा कोषाध्यक्ष पारस हरण , चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनय बाफना परिषद अध्यक्ष अंकित कोठारी , राजेन्द्र पगारिया, जितेंद्र लोढ़ा, प्रदीप गादिया, निर्मल श्रीश्रीमाल , रतन नखेत्रा, सुशील गोठी, मयंक चौहान, भारत बाठिया, अश्विन नखेत्रा आदि ने संयम वंदन यात्रा की आगवानी की ।राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर जी लोढ़ा द्वारा स्थानीय अध्यक्ष अंकित कोठारी को परिषद के लिफाफे बेजेस ध्वज आदि भेट किए आभार परिषद के अध्यक्ष अंकित कोठारी ने माना राष्ट्रीय पदाधिकारी गण यहां से कुक्षी में चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वी जी भगवंत लब्धी निधि श्रीजी म. सा. आदि ठाणा के दर्शन वंदन हेतु कुक्षी रवाना हुए।